भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2209
दिनांक 21.12.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारत द्वारा समर्थित प्रमुख विकास परियोजनाएं

2209 श्री ईरण्ण कडाडीः
डा. अनिल जैनः
श्री सतीश चंद्र दूबेः

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत द्वारा समर्थित प्रमुख विकास परियोजनाओं का व्यापक ब्यौरा क्या है;

(ख) इनमें से प्रत्येक परियोजना हेतु कितनी धनराशि आबंटित की गई है;

(ग) क्या सरकार वैश्विक स्तर पर भारत के हितों को बढ़ावा देने के लिए क्षमता निर्माण पर ध्यान केन्द्रित करने का विचार रखती है; और

(घ) यदि हां, तो इसके लिए क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाए जाने का विचार है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) और (ख) भारत की विकासात्मक परियोजनाएं सहभागी देशों की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं पर आधारित हैं। सहायता के मुख्य साधनों में ऋण सहायता, सहायता अनुदान के साथ–साथ क्षमता निर्माण कार्यक्रम शामिल हैं। भारत की विकास परियोजनाएं एशिया, अफ्रीका, सीआईएस, लैटिन अमेरिका, कैरेबियन और प्रशांत द्वीप समूह में कार्यान्वित की जा रही हैं।

अब तक, सहभागी देशों को विभिन्न क्षेत्रों में 32.02 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की 308 ऋण सहायता प्रदान की गई हैं। इनमें से लगभग 17.06 बिलियन अमेरिकी डॉलर एशिया में, 12.15 बिलियन अमेरिकी डॉलर की अफ्रीका में और 2.81 बिलियन अमेरिकी डॉलर की ऋण सहायता अन्य देशों को प्रदान की गई है। बुनियादी ढांचे, बिजली, कनेक्टिविटी, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि सहित कई क्षेत्रों में लगभग 600 परियोजनाएं / आपूर्तियां की गई / कार्यान्वित / शुरू की गई हैं। ऋण सहायता के तहत पूरी की गई प्रमुख परियोजनाओं की एक सूची अनुबंध–। में दी गई है।

अनुदान सहायता परियोजनाएं मुख्य रूप से भारत के पड़ोसी देशों अफगानिस्तान, बांग्लादेश, मालदीव, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका, भूटान आदि में केंद्रित हैं। पूर्ण हो चुकी प्रमुख अनुदान परियोजनाओं की सूची अनुबंध– ।। में दी गई है।

अतिरिक्त जानकारी https://meadashboard.gov.in/ पर उपलब्ध है ।

इसके अतिरिक्त, भारत सहभागी देशों में संयुक्त परियोजनाओं और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को वित्तपोषित करने के लिए यूएनडीपी, आसियान आदि जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों/मंचों के साथ मिलकर कार्य करता है।

(ग) और (घ) भारत, ग्लोबल साउथ में सहभागियों को भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग कार्यक्रम (आईटीईसी) के तहत क्षमता निर्माण सहायता प्रदान करता है। लगभग 160 देश प्रतिवर्ष इन छात्रवृत्तियों का लाभ उठाते हैं। नागरिक और रक्षा दोनों प्रकार के पाठ्यक्रमों के लिए हर वर्ष 14,000 से अधिक प्रशिक्षण स्लॉट प्रदान किए जाते हैं। भारतीय संस्थानों में 'व्यक्तिगत उपस्थिति वाले प्रशिक्षण' के अतिरिक्त, सहभागी देशों में भारतीय विशेषज्ञों की तैनाती, ऑनसाइट प्रशिक्षण कैप्सूल, ऑनलाइन ई–आईटीईसी कार्यक्रम, विदेशों में प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना आदि के माध्यम से भी सहायता प्रदान की जाती है।

पूर्व के समग्र अफ्रीका ई–नेटवर्क प्रोजेक्ट (पीएईएनपी) का उन्नयन करते हुए, सरकार ने ई–विद्याभारती और ई–आरोग्यभारती नेटवर्क प्रोजेक्ट (ई–वीबीएबी) की शुरूआत की, जो अफ्रीका में सहभागी देशों को विशेष रूप से विकसित वेब प्लेटफार्मों के माध्यम से टेली–शिक्षा और टेली–मेडिसिन सेवाएं प्रदान करता है। .

2023–24 में पहली बार, आईटीईसी ने क्षमता निर्माण पाठ्यक्रमों के क्षेत्र विशिष्ट पैकेज विकसित किए हैं। दो सबसे प्रमुख पैकेजों में (i) मई 2023 में फोरम फॉर इंडिया–पैसिफिक आइलैंड्स कोऑपरेशन (एफआईपीआईसी) शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री द्वारा घोषित प्रशांत द्वीपसमूह देशों के लिए विकसित सागर अमृत पैकेज, जिसके तहत अगले 5 वर्षों में 1000 प्रशिक्षण स्लॉट प्रदान किए जाएंगे, और (ii) क्वाड इंफ्रास्ट्रक्चर फेलोशिप के भाग के रूप में इंडो–पैसिफिक क्षेत्र के देशों के लिए अगले चार वर्षों में 500 प्रशिक्षण स्लॉट शामिल हैं ।

दिनांक 12–13 जनवरी, 2023 तक वर्चुअल फॉर्मेट में आयोजित प्रथम वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के दौरान ·प्रधानमंत्री ने कई नई पहलों की घोषणा की जिनमें ग्लोबल साउथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, ग्लोबल साउथ स्कॉलरशिप और ग्लोबल साउथ यंग डिप्लोमैट्स फोरम शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने 17 नवंबर 2023 को दूसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के दौरान "दक्षिण" (विकास एवं ज्ञान साझाकरण पहल) नामक ग्लोबल साउथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया।

*****

अनुबंध– ।

क्र.सं.	देश/संगठन	परियोजना का नाम
1.	बांग्लादेश	व्यवहार्यता अध्ययन सहित एप्रोच रेल लाइनों के साथ दूसरे भैरब और टिटास रेल पुलों का निर्माण
2.	बांग्लादेश	10 ब्रॉड गेज [बीजी] डीजल इलेक्ट्रिक [डीई] लोकोमोटिव की खरीद।
3.	बांग्लादेश	बांग्लादेश रेलवे के लिए 120 बीजी यात्री कोच की खरीद।
4.	बांग्लादेश	30 ब्रॉड गेज [बीजी] डीजल इलेक्ट्रिक [डीई] लोकोमोटिव की खरीद।
5.	बांग्लादेश	बांग्लादेश सड़क परिवहन निगम [बीआरटीसी] के लिए डबल डेकर और सिंगल डेकर एसी और नॉन–एसी बसों की खरीद
6.	बेलारूस	ग्रोड्नो–II पावर प्लांट (100–130 मेगावाट) परियोजना का पुनर्निर्माण
7.	बुर्किना फासो	ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, कृषि प्रसंस्करण उपकरण के अधिग्रहण सहित कृषि परियोजनाएं
8.	बुर्किना फासो	ग्रामीण विद्युतीकरण
9.	कैमरून	मक्का फार्म रोपण परियोजना और चावल फार्म रोपण परियोजना के लिए मशीनरी और उपकरणों की आपूर्ति
10.	कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य	काकोबोला जलविद्युत परियोजना का निष्पादन
11.	कोत दी आइवर	कोत दी आइवर – माली विद्युत इंटरकनेक्शन परियोजना (चरण–I)
12.	क्यूबा	क्यूबा को चावल की आपूर्ति
13.	ईबीआईडी (निवेश और विकास के लिए इकोवास बैंक)	माली गणराज्य और आइवरी कोस्ट गणराज्य के बीच विद्युत ग्रिड इंटरकनेक्शन परियोजना
14.	ईबीआईडी	सिएरा लियोन राष्ट्रीय दूरसंचार नेटवर्क (सिएराटेल) का विस्तार
15.	ईबीआईडी	कोत दी आइवर और माली में विद्युत नेटवर्क इंटरकनेक्शन परियोजना
16.	एस्वातिनी (स्वाजीलैंड)	कृषि विकास और कृषि का मशीनीकरण
17.	इथियोपिया	चीनी उद्योग का विकास
18.	इथियोपिया	ऊर्जा पारेषण एवं संवितरण परियोजना
19.	फ़िजी	चीनी उद्योग का पुनर्गठन
20.	गाम्बिया	नेशनल असेंबली भवन का निर्माण
21.	घाना	राष्ट्रपति कार्यालय का निर्माण
22.	घाना	चीनी संयंत्र
23.	ईरान	वेस्ट एथिलीन पाइपलाइन परियोजना
24.	केन्या	रिफ्ट वैली टेक्सटाइल (रिवाटेक्स ईस्ट अफ्रीका) लिमिटेड का उन्नयन।
25.	लाओ पीडीआर	नाबोंग से थाबोक तक 230 केवी डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन और सबस्टेशन
26.	मलावी	(क) ग्रीनबेल्ट पहल के तहत सिंचाई नेटवर्क का विकास; (ख) ग्रीनबेल्ट पहल के तहत सलीमा में परिष्कृत चीनी प्रसंस्करण उपकरण

		की स्थापना; और (ग) ईंधन भंडारण सुविधाओं का विकास
27.	मलावी	i) कपास प्रसंस्करण सुविधाएं (20 मिलियन अमेरिकी डॉलर); ii) ग्रीन बेल्ट पहल; और iii) एक–गांव–एक–उत्पाद (ओवीओपी) परियोजना
28.	मलावी	सिंचाई, भण्डारण, तम्बाकू मड़ाई संयंत्र और एक गाँव–एक परियोजना
29.	माली	दोनों देशों के राष्ट्रीय बिजली ग्रिडों को एकीकृत करने के लिए माली–आइवरी कोस्ट इंटरकनेक्शन लिंक को पूरा किया जाना
30.	माली	फ़र्कसेडौगौ (आरसीआई) और सिकासो के बीच उच्च वोल्टेज ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण और फ़र्कसेडौगौ, सिकासो, कौटियाला और सेगौ में सबस्टेशन की स्थापना
31.	माली	कोत दी आइवर से माली तक विद्युत पारेषण और संवितरण परियोजना
32.	मॉरीशस	मॉरीशस मेट्रो एक्सप्रेस परियोजना–चरण–III के लिए इंजीनियरिंग खरीद और उसका निर्माण
33.	मॉरीशस	भारत से रक्षा मदों की खरीद के वित्तपोषण के लिए
34.	मॉरीशस	मेट्रो एक्सप्रेस परियोजना (चरण I और II)
35.	मॉरीशस	सामाजिक आवास परियोजना
36.	मॉरीशस	अपतटीय गश्त लगाने वाले जहाजों की आपूर्ति
37.	मोज़ाम्बिक	इनहाम्बेन, ज़म्बेजी और नामपुला प्रांतों में ग्रामीण विद्युतीकरण परियोजना
38.	मोज़ाम्बिक	आईटी पार्क परियोजना को वित्तपोषित करना जिसमें भवन का निर्माण और (क) इनक्यूबेटर सुविधा, (ख) अनुसंधान एवं शिक्षण केंद्र और (ग) प्रौद्योगिकी पार्क और प्रशासनिक सुविधा शामिल होगी
39.	म्यांमार	ट्रांसमिशन लाइन और सबस्टेशन परियोजना
40.	म्यांमार	रेलवे परियोजनाएं
41.	म्यांमार	18 वाईडीएम 4 लोकोमोटिव और पुर्जों की आपूर्ति
42.	नेपाल	नेपाल सरकार के लिए आवास परियोजना – तीसरा चरण
43.	नेपाल	सोलु कॉरिडोर ट्रांसमिशन लाइन परियोजना
44.	निकारागुआ	कार्लोस फोंसेका सबस्टेशन के निर्माण, 95 किमी ट्रांसमिशन लाइन और तीन सबस्टेशनों (विला एल कारमेन, लास कॉलिनस और सैन राफेल डेल सुर) के विस्तार के लिए आपूर्ति
45.	नाइजर	जल परियोजना
46.	रवांडा	28 मेगावाट न्याबारोंगो जलविद्युत परियोजना की इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) संविदा
47.	सेनेगल	सिंचाई परियोजना
48.	सिएरा लिओन	मौजूदा जल प्रणाली का पुनरुद्धार
49.	श्रीलंका	मधु रोड से तलाई मन्नार तक रेलवे लाइन का निर्माण
50.	श्रीलंका	मेदावाचिया से मधु रोड तक रेलवे लाइन का डिजाइन और निर्माण
51.	श्रीलंका	ओमानथाई से पल्लई तक रेलवे लाइन का डिज़ाइन और पुनर्निर्माण
52.	श्रीलंका	उत्तरी एवं तलाईमन्नार रेलवे लाइनों में रेलवे नेटवर्क के लिए सिग्नलिंग और दूरसंचार प्रणाली का डिजाइन, आपूर्ति, संस्थापना, परीक्षण तथा इसकी शुरूआत करना
53.	श्रीलंका	श्रीलंका रेलवे के लिए रोलिंग स्टॉक की खरीद

54.	श्रीलंका	पल्लई–कांकेसंथुराई रेलवे लाइन का पुनर्निर्माण
55.	श्रीलंका	10 डीजल रेलवे लोकोमोटिव की आपूर्ति
56.	श्रीलंका	15 डीजल मल्टीपल यूनिट की आपूर्ति
57.	श्रीलंका	रेलवे के लिए वातानुकूलित यात्री डिब्बों के साथ 6 डीजल मल्टीपल यूनिट की आपूर्ति
58.	श्रीलंका	ऑटो एवं ऑटो उपकरणों की आपूर्ति
59.	श्रीलंका	पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति
60.	श्रीलंका	प्रौद्योगिकी एवं संचार उपकरणों की आपूर्ति
61.	श्रीलंका	यूरिया खाद की आपूर्ति
62.	श्रीलंका	कोलंबो–मतारा तटीय रेलवे लाइन का उन्नयन (चरण–I: गाले से मतारा 42 किमी)
63.	सूडान	सामान्य उद्देश्य: स्वीकृत संविदाओं में विद्युतीकरण उपकरण, फोटोवोल्टिक सेल, डीजल कोच, लोकोमोटिव का पुनरुद्धार, कपड़ा मशीनरी, तांबे की छड़ें आदि का निर्यात शामिल है।
64.	सूडान	व्हाइट नाइल स्टेट में मशकौर चीनी परियोजना
65.	सूडान	4 x 125 मेगावाट कोस्टी कंबाइंड साइकिल पावर प्लांट की स्थापना
66.	सूडान	सिंगा–गेदारिफ़ ट्रांसमिशन और सब–स्टेशन परियोजना
67.	सीरिया	हामा में इस्पात संयंत्र का विकास और आधुनिकीकरण
68.	तंजानिया	भारत से तंजानिया को ट्रैक्टर, पंप और उपकरणों का निर्यात।
69.	तंजानिया	लेक विक्टोरिया पाइपलाइन का ताबोरा, इगुंगा और ज़ेगा तक विस्तार
70.	तंजानिया	679 वाहनों की खरीद का वित्तपोषण
71.	तंजानिया	दार–ए–सलाम तक जल आपूर्ति योजनाएं
72.	टोगो	ग्रामीण विद्युतीकरण परियोजना जिसमें 150 इलाके शामिल होंगे
73.	वियतनाम	बारह [12] गश्त लगाने वाले जहाजों के लिए डिजाइन, जहाज निर्माण, आपूर्ति उपकरण और सामग्री से जुड़े तकनीकी दस्तावेज और तकनीकी सहायता
74.	वियतनाम	नाम चिएन जलविद्युत परियोजना के लिए इलेक्ट्रो–मैकेनिकल उपकरण और तकनीकी सेवाओं की आपूर्ति
75.	जाम्बिया	इतेझी–तेझी जल विद्युत परियोजना

अनुबंध–II

क्र.सं.	देश	परियोजना
1	अफगानिस्तान	अफगान संसद भवन
2	अफगानिस्तान	डायग्नोस्टिक सेंटर का उन्नयन आईजीआईसीएच काबुल को चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति
3	अफगानिस्तान	अफगान–भारत मैत्री बांध (सलमा बांध)
4	अफगानिस्तान	स्टोर पैलेस का जीर्णोद्धार
5	अफगानिस्तान	दोशी एवं चरिकर में पावर सबस्टेशन का निर्माण
6	अफगानिस्तान	1.1 लाख मीट्रिक टन (1.7 लाख टन) गेहूं की आपूर्ति
7	अफगानिस्तान	मजार–ए–शरीफ में ब्लू मस्जिद के लिए ग्लेज्ड टाइल संयंत्र का निर्माण
8	अफगानिस्तान	2000 मीट्रिक टन दालों की आपूर्ति
9	अफगानिस्तान	75000 मीट्रिक टन (1.7 लाख टन) गेहूं की आपूर्ति
10	बांग्लादेश	109 एम्बुलेंस की आपूर्ति
11	बांग्लादेश	सिलीगुड़ी से पार्बतीपुर तक भारत बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन (आईबीएफपीएल) का निर्माण
12	भूटान	720 मेगावाट मांगदेछू जलविद्युत परियोजना
13	मॉरीशस	नया ईएनटी अस्पताल
14	मॉरीशस	गरीबों के लिए सामाजिक आवास
15	मॉरीशस	नई सुप्रीम कोर्ट बिल्डिंग
16	मॉरीशस	ई–टैबलेट परियोजना
17	म्यांमार	भाषा प्रयोगशालाओं एवं ई–संसाधन केन्द्र की स्थापना
18	म्यांमार	कृषि एवं सिंचाई मंत्रालय को 100 डेस्कटॉप कंप्यूटरों की आपूर्ति
19	म्यांमार	ने पी ताव में चावल बायो–पार्क की स्थापना
20	म्यांमार	यांगून चिल्ड्रेन हॉस्पिटल और सितवे जनरल हॉस्पिटल का उन्नयन
21	म्यांमार	आईटी कौशल संवर्धन के लिए भारत म्यांमार केंद्र का उन्नयन (आईएमसीईआईटीएस)
22	म्यांमार	10000 मीट्रिक टन चावल और 200 मीट्रिक टन गेहूं की आपूर्ति
23	म्यांमार	ने पी ताव (आईएआरआई) में एडवांस सेंटर ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च एंड एजुकेशन (एसीएआरई) की स्थापना
24	मालदीव	माले में इंडिया गांधी मेमोरियल अस्पताल का नवीनीकरण
25	मालदीव	समग्र प्रशिक्षण केंद्र (सीटीसी) का निर्माण

26	मालदीव	समग्र प्रशिक्षण केंद्र (सीटीसी) में अतिरिक्त सुविधाओं का निर्माण
27	मालदीव	नेशनल कॉलेज ऑफ पुलिसिंग एंड लॉ एनफोर्समेंट प्रोजेक्ट (एनसीपीएलई) (जिसे पहले आईएसएलईएस के नाम से जाना जाता था) सुरक्षा एवं कानून प्रवर्तन अध्ययन संस्थान की स्थापना
28	नेपाल	नेपाल भारत मैत्री पशुपति धर्मशाला का निर्माण
29	नेपाल	काठमांडू में 200 बिस्तरों वाले आपातकालीन ट्रॉमा सेंटर की स्थापना
30	नेपाल	तराई क्षेत्र में मौजूदा सड़कों का उन्नयन, चरण–I, पैकेज 01 से 06
31	नेपाल	भारत–नेपाल सीमा पर पारेषण लाइनों के सुदृढ़ीकरण के लिए मध्यावधि उपायों का कार्यान्वयन
32	नेपाल	बीरगंज में एकीकृत चेक पोस्ट का निर्माण
33	नेपाल	विराटनगर में एकीकृत चेक पोस्ट का निर्माण
34	नेपाल	अग्निशमन वाहनों की आपूर्ति
35	नेपाल	भारत–नेपाल सीमा पार रेल लिंक: जयनगर–बरदीबास
36	श्रीलंका	जाफना सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण
37	श्रीलंका	डिकोया में 150 बिस्तरों वाले जिला अस्पताल की स्थापना
38	श्रीलंका	कैंडी में अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध संग्रहालय में भारतीय गैलरी की स्थापना
39	श्रीलंका	मन्नार में तिरुकेथीस्वरम मंदिर का जीर्णोद्धार
40	श्रीलंका	आपातकालीन एम्बुलेंस सेवाओं का द्वीप–व्यापी विस्तार
41	श्रीलंका	एसईडब्ल्यूए द्वारा अम्पारा में सामुदायिक शिक्षण केंद्र की स्थापना

*****